firm except in cases like those which Shri Abid AH has pointed out.

SHRI M. P. BHARGAVA: Sir, I have just a small submission to make before you pass on to the next subject, and it is that the Government be directed to circulate copies to all the Members of Parliament as early as possible, because my own information is that a very limited number of copies have come and they will not be sufficient for all the Members who are interested in taking part in the discussion.

श्री राजनारायण : इतनी तेज रफ्तार से दुनिया चल रही है कि कौन मरने के लिए रहेगा पांच दिन के बाद और कौन नहीं रहेगा। बेकार की बात कर रहे हैं ।

MR. CHAIRMAN: I will request you to see that a sufficient number of copies are made and distributed to all the Members at the earliest possible time.

SHRI M. C. CHAGLA: That will be done as soon as possible.

THE LAND ACQUISITION (AMENDMENT AND VALIDATION) BILL, 1967—*contd.*

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर था, वह प्वाइंट आफ आर्डर सुझावात्मक था लेकिन उस समय चेयर पर श्रीमान भार्गव साहब बैठे हुये थे, सदन स्थगित करके उन्होंने कहा कि दूसरे दिन उठाना ।

हमारे यहां लैंड एक्विजिशन विधेयक है, उस पर चर्चा चल रही है, उसमें जो दो कमियां हैं उनको मंत्री जी से डिसकस किया बोलने के बाद, मंत्री जी ने एक डिफिकल्टी हमको बताई, वह हमारी बात से सहमत हैं और कहते हैं कि मगर डिफिकल्टी यह है...

श्री सभापति : इसके माने यह है कि आप इस मामले पर दुबारा कह रहे हैं, पहले तो आप कह चुके हैं ।

श्री राजनारायण : कहने ही नहीं दिया, सदन उठ गया । जो डिफिकल्टी मंत्री जी ने बताई उस डिफिकल्टी का रास्ता बता रहा हूं । रास्ता यह है । यह सही है कि 18 मार्च को दोनों सदन बैठे और दोनों सदन के बैठने के छः हफ्ते बाद तक वह आर्डिनेंस फोर्स में रहता है और अभी छः हफ्ते हुये नहीं हैं तो उसका साल्यूशन रास्ता यह हो सकता है कि सदन प्रोरोग नहीं हो । संसदीय प्रथा में यह है । हमारे कौल साहब यहां नहीं दिख रहे हैं, इन्होंने भी हमारे साथ थोड़ी मेहनत की, लेकिन हमारे यहां विधान सभा में बराबर होता कि हाउस एडजार्न होता है और प्रोरोग होता है, दो शब्दों का इस्तेमाल होता है तो जब एडजार्न होगा तो यही माना जायगा कि हाउस इज इन सेशन और जब प्रोरोग हो जायेगा तो मतलब होगा कि हाउस सेशन में नहीं है । मेरा अर्थ यह है कि अगर हाउस आज या कल या परसों प्रोरोग न हो और आप इस हाउस को एडजार्न करें और लोक सभा के जो स्पीकर साहब हैं वह भी उसको एडजार्न करें और बीच में 15 दिन के बाद सेशन को बुला लिया जाय तो मंत्री जी की डिफिकल्टी रिमूव हो जाती है । गड़बड़ यह है कि, श्रीमन्, जैसे हमारी 10 एकड़ जमीन है, सरकार ने ले लिया, दो एकड़ जमीन पर सरकार ने अपना इम्प्रूवमेंट किया और सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला किया 11 महीने पहले उस सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जो 8 एकड़ जमीन हमारी बची थी उसके हम मालिक हो गये और 8 एकड़ में हमने कुछ इम्प्रूवमेंट कर दिया लेकिन अगर यह विधेयक जैसा आया है कानून की शक्ल में आ जायगा तो बिना एक पैसा मुआविजा दिये ही सरकार हमारी सारी इम्प्रूवमेंट की हुई जमीन को ले सकेगी, इसलिए इसमें बड़ी खराबी है । मंत्री जी ने कहा था कि हम चाहते हैं कि हाउस की एक कमेटी बनावें और यह कमेटी तमाम डिफिकल्टीज को देखे और आगे फिर विधेयक लायेंगे तो आगे विधेयक लाने की

[श्री राजनारायण]

करते नहीं अगर हमारा सजेशन मान लें, सेलेक्ट कमेटी को बिठाने का प्रस्ताव कबूल करें, हाउस एडजार्न किया जाये, प्रोरोग न किया जाय एडजार्न होने से जो छः हफ्ते वाली शर्त है वह अपने आप पूरी हो जायगी।

श्री सभापति : यह प्वाइंट आफ आर्डर था।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, सुझावात्मक प्वाइंट आफ आर्डर है।

श्री सभापति : मैंने अपनी वाकफियत के लिए पूछा।

श्री राजनारायण : सुझाव मैंने दे दिया, प्वाइंट आफ आर्डर कहिये, प्वाइंट आफ क्लैरिफिकेशन कहिए या कुछ भी कहिये।

MR. CHAIRMAN: Mr. Chordia was speaking on the last day. You may begin now, Mr. Chordia. The House will sit through lunch.

SHRI P. K. KUMARAN (Andhra Pradesh): We are sitting tomorrow also. Why through lunch, Sir?

SHRI LOKANATH MISBA (Orissa): If we are sitting tomorrow, I think we may have the usual lunch interval, Sir.

MR. CHAIRMAN: There is ample bywork, as you will see.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चोरड़िया (मध्य प्रदेश) : सभापतिजी, लैंड एक्विजिशन अमेंडमेंट बिल के बारे में जो चर्चा चल रही थी उसमें मैंने निवेदन किया था कि हमारे यहां पर जो भूमि का अधिग्रहण होता है उसमें हमारी सरकार बड़ी उपेक्षा की प्रवृत्ति का परिचय देती है और इसीलिये मध्य प्रदेश में भी जब दुर्ग जिले में भिलाई के कारखाने के लिये भूमि का अधिग्रहण किया गया तो हमारी सरकार ने पहले धारा 4 (1) के अन्तर्गत एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया और फिर तसल्ली के साथ इत्मीनान के साथ, जैसे जैसे जिस-जिस अफसर की जो जो विम्स हुई और उन्होंने समझा कि यह काम अपने को करना पड़ेगा उसी के अनुसार उसके लिये धारा 6 के अन्तर्गत नोटिफिकेशन जारी कर दिया और उनको प्राप्त करने का प्रयास किया।

सभापति जी, हमारे यहां जो मूल विधान है उसमें शब्द "एरिपोर्ट" का आता है, धारा 5 ए, उपधारा 2 में जब एक रिपोर्ट का उल्लेख आता है तो यह अत्यंत आवश्यक है कि धारा 4 (1) के अन्तर्गत जितने क्षेत्र के लिए नोटिफिकेशन होते हैं उसके बारे में एक रिपोर्ट तैयार कर के हमारे कलेक्टर सहाब दे और उसको प्राप्त करने के बाद ही धारा 6 के अंतर्गत हमारी सरकार उसका नोटिफिकेशन करे। इसके बाद भिन्न भिन्न न्यायालयों का भिन्न भिन्न मत रहा और उसके परिणामस्वरुप मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, मध्य प्रदेश के श्री विष्णु-प्रसाद शर्मा जो दुर्ग के थे वह सुप्रीम कोर्ट तक गये आखीर में इस प्रश्न को तय करवा सके कि जो नोटिफिकशन धारा 4(1) के अन्तर्गत हो जाता है उसकी जो अलग अलग हिस्से में तसल्ली के साथ हमारी सरकार धारा 6 की नोटिफिकेशन किया करती है वह उचित नहीं है, न्यायसंगत नहीं है और हमारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो अपील की थी उसको उसने कास्ट के साथ खारिज किया। सभापति जी, यह विष्णु प्रसाद जी ने हमारी सरकार की आंखे खोली, उनको कानून की एक सही बात को सरकार से मनवाने के लिये कितनी तकलीफ उठानी पड़ी होगी उसकी अनुभूति न कर के उन्होंने जो कष्ट उठाया, जो खर्च किया, जो मेहनत की, सब कुछ को हमारी सरकार इस आर्डिनेन्स के द्वारा, जिसको अब कानून की शक्ल देने जा रही है, मिट्टी में मिला देना चाहती है, यह कभी भी न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

सभापति जी, कानून के अन्तर्गत किसी को एक अधिकार दिया है, उसका दुरुपयोग होता है और फिर वह उच्चतम न्यायालय से निर्णय करवा लेता है कि इसको अधिकार था किन्तु फिर कलम की एक नोक से उसको ले लेना और उसकी सारी मेहनत, उसने हजारों रुपया जो खर्च किया, जो ज्ञान आपको दिया उसका परिणाम, उसका इनाम यह देना चाहते हैं कि तेरी सारी आजतक की मेहनत को इस आर्डिनेंस के द्वारा, इस कानून के द्वारा, खत्म कर देते हैं यह कुछ उचित नहीं। मगर हमारे मंत्री जी कहते हैं कि उस जगह कारखाना बना लिया, बिल्डिंग्स बना ली। मैं भी इस मत का नहीं हूं कि उसको तोड़ कर उसका कब्जा दिला दे मगर यह जरूर चाहूंगा कि जिस आदमी ने ज्ञान दिया, जिस आदमी ने कानून का अधिकार प्राप्त करने के लिये बहुत खर्च किया और जिसको सुप्रीम कोर्ट ने कास्ट दिलाई उसकी अनुभूति करें, कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट ने कास्ट दिला दी लेकिन हम और आप सब जानते हैं कि अगर एक लाख रुपया खर्च होता है तो जो कास्ट का केलकुलेशन होता है वह 25 हजार का ही होता है और और ऐसी स्थिति में अपनी गिरह से 75 हजार रुपया लगाना पड़ता है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): May I submit, Sir, that this Ordinance does not apply only in an individual or particular case? It covers a large number of cases where projects are likely to be affected. And this Act has been in force for the last about 75 years. So the Ordinance has not been promulgated in order to meet the requirements of a particular case as such.

श्री राजनारायण : उसमें इनडिविजुअल भी तो आता है।

श्री वि[illegible] मन्नालालजी चौरड़िया : सभापति जी, [illegible] ऐसा निवेदन कर चुका हूं कि दोनों तरह के मत थे, पंजाब हाई कोर्ट ने दूसरी रूलिंग दी और सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी रूलिंग दी, पंजाब हाई कोर्ट की रूलिंग चल रही थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग के बाद यह चीज पैदा हुई और अगर ऐसा किसी की वजह से हुआ तो श्री विष्णु प्रसाद की वजह से हुआ। तो श्रीमन्, विष्णु प्रसाद ने जितनी मेहनत की वह काहे के लिये की, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो नोटिफिकेशन हुआ था वह गलत है और इसलिये इस सम्बन्ध में जो कार्यवाही की वह गलत है, तो उनको यह अधिकार प्राप्त हो जाता था कि जिस भूमि के लिये, जिस क्षेत्र के लिये गलत कार्यवाही की वह उनके कब्जे में रहे, वह उनका उपयोग करें अगर एक्वायर करते तो नया नोटिफिकेशन जारी कर के आज की डेट से करते, यह सारी बात सुप्रीम कोर्ट में जाने के बाद तय हुई। तो उसने आपको ज्ञान दिया और यह मानना पड़ेगा कि उसने हमारी सरकार की आखें खोली, हमारी सरकार को बताया कि यह कानून जो 1894 ई० में बनाया था उसका असली मंशा यह है। इस बात का ज्ञान देने वाले को उसका इनाम देने की अपेक्षा कि जो अधिकार सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से प्राप्त हो गया वह रहे उसको आप सजा देना चाहते हैं। इसलिये स्थिति यह है कि चाहे जितनी मेहनत कर ले लेकिन हमारे पास वह ताकत है, हमारे पास बहुमत का ऐसा जोर है कि जिसके आधार पर हम इस प्रकार का कानून बना कर तेरी सारी मेहनत, सारे प्रयत्न, और सारे खर्च को असफल बना सकते हैं, वही हमारी सरकार कर रही है।

SHRI ANNASAHIB SHINDE: I think the hon. Member is misunderstanding.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया : सभापति जी, अब जहां तक इस संशोधन का सवाल है इसका प्रभाव दिल्ली पर बहुत व्यापक रू[illegible]

[श्री विमल कुमार मन्नालालजी चौरड़िया]

है । हमारा जो पुराना कानून था उसके अनुसार हमारी दिल्ली स्थित सरकार और दिल्ली डेवेलपमेंट अथरिटी ने लैंड एक्विजिशन एक्ट की धारा 4 के अन्तर्गत 1959 में 34,000 एकड़ और 1961 में 16,000 एकड़ जमीन के लिये अक्वायर होने का नोटिफिकेशन जारी किया, इस प्रकार 50,00 एकड़ जमीन लेने की उन्होंने घोषणा कर दी कि हमको इतनी जमीन की जरूरत लगेगी । उसमें विज्ञप्ति के बाद अब तक न कोई आदमी कुंवा खोद सकता है, न मकान बना सकता और अगर मकान भी बनवा लिया, कुंवा भी खोद लिया, तो सरकार उसको उसका कम्पेन्सेशन देने वाली नहीं है क्योंकि जसके लिये भी कम्पेसेशन दिये जाने वाले भूमि के क्षेत्र की 1959 में विज्ञप्ति कर दी गई है । अगर कोई खेत वाला जमीन वाल गरीब आदमी है, उसकी जमीन आप लेते हैं लेकिन उसको अभी तक कम्पेन्सेशन देते नहीं जमीन छोड़ते नहीं और उस कुछ करने नहीं देते, इस तरह से बड़े धर्मसंकट की स्थिति में यह सरकार उनको रखती है। अथारिटी ने इस तरह से धारा 6 (1) के अंतर्गत 12 जून 1961 को 100 एकड़, 14 जून 1961 को 220 एकड़, 16 मई, 1962 को 200 एकड़, 1963 में 4,500 एकड़, 25-1-65 को 8,000 एकड़ और 1966 में 15000 एकड़ के करीब जमीन के लिये नोटिफाई किया कि यह जमीन सरकार लेना चाहती है । असल बात यह होनी चाहिये थी कि जितना काम करने की आपकी ताकत थी, क्षमता थी, उतना ही आप अपने हाथ में लेते मगर योजनाएं तो आपकी बड़ी बड़ी होती हैं पर पैसा जेब में होता नहीं है । मकान और भवन बनाने की बड़ी बड़ी योजनाएं बनाते हैं कुछ कर नहीं पाते लोगों को रहने के लिये मकान मिलता नहीं । सरकार ऐसी नीति का निर्धारण करना चाहती है कि लोग मकान बनाना भी चाहते हैं तो उनको बनाने नहीं देती, जमीन बेकार पड़ी रहती है तो पड़ी रहे उसको कोई चिन्ता नहीं । यह वैसा ही किस्सा हुआ जैसे एक गाय कहीं भूसा खा रही है और उस भूसे की जगह एक कुत्ता बैठकर भूकें , अंग्रेजी में उसको "डाग इन द मैंगर पालिसी" कहा जाता है ।

SHRI ANNASAHIB SHINDE: I think the hon. Member's party members are now associated with the Delhi Administration and if according to him there is injustice, I think justice should be possible now.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया : सभापति जी, अगर वह भी गलती करें तो उनकी भी अलोचना करने का मुझको अधिकार है । आज वह स्थिति है नहीं जिस तरह की हरकत आप कर रहे हैं अगर वे भी करते रहेंगे तो मैं उनकी बराबर आलोचना करने वाला हूं, पीछे हटने वाला नहीं ।

तो मैं यह निवेदन कर रहा था कि उस अधिग्रहण की जमीन में उत्तर प्रदेश हाउसिंग सोसायटी तथा सैनिक हाउसिंग सोसाइटी की भी भूमि है जो कि सरकार उन्ही से लेकर दूसरी सोसायटीज को देने जा रही है । अगर एक सोसाइटी से छीन कर दूसरी सोसाइटीज को दे दी जाय जब कि पहली वाली सोसाइटी ने डेढ़ रु० और 3 रु० प्रति वर्ग गज भाव से किसी से खरीदी हो और हमारी सरकार जो कम्पेन्सेशन देने वाली है है वह 50 पैसा , 60 पैसा 80 पैसा के हिसाब से पर स्क्वायर यार्ड के लिये देने वाली है । हमारी सरकार ने जो कुल 28,000 एकड़ जमीन धारा 6 के अंतर्गत एक्वायर करली उसमें से केवल 5000 एकड़ विकसित की, क्योंकि नोटिफ़िकेशन तो 50,000 एकड़ के लिये निकला था और 1960–61 में आब्जेक्शन सुनने के बाद वह जमीन लगभग 28 हजार एकड़ रह गई थी जिसमें से केवल 5,000 एकड़ अभी तक उन्होंने विकसित किया । इस पर सरकार उनके अब दाम

देगी पुराने 1959 व 1961 के भाव से तो सभापति जी, यह तो कोई न्यायोचित काम हुआ नहीं । हमारी सरकार खरीद रही है 50 पैसा, 60 पैसा और 80 पैसा प्रति वर्ग गज के भाव से जब कि सोसाइटीज ने खरीदा डेढ़ रु० दो रु० के हिसाब से ।

वितरण के लिए भी दो तरह की जमीनें हैं, एक तो अन्डेवलप्ड और एक डेवलप्ड जहां तक अनडेवलप्ड जमीन का सवाल है सभापति जी, हमारी सरकार ने जो 60, 70 पैसे के भाव से खरीदा था वह सहकारी समितियों को भी 8 रु० प्रति स्क्वायर यार्ड के हिसाब से देने वाली है । अभी उसमें एक शर्त यह जोड़ी गई है जब कि एक इन्सटालमेंट जमा भी हो चुका है कि इस तरह से जो जमीन सोसायटी को मिलेगी उसी में वह मकान बनाने के लिये जो प्लाट बनायेगें उनके अंतर्गत ही स्कूल के लिये, सार्वजनिक स्थानों के लिये जगह छोड़ने के बाद लोगों को वह प्लाट दिये जायेंगे उसमें उनकी वह मेहनत भी शामिल है जो तिकड़म लगाकर जमीन प्राप्त करने में अगवा बन जाते हैं । तो जो 60, 70 या 80 पैसा प्रति स्क्वायर यार्ड के हिसाब से जमीन सरकार ने खरीदी वह मकान बनाने वालों को 18 या 20 रु० प्रति स्क्वायर यार्ड पड़ने वाली है । तो यह हमारी सरकार के लिये जो कि हर बात पर सोशल वेलफेयर स्टेट का नारा लगाती है और खुद इस तरह से पैसा अर्जित करती है उचित नहीं कहा जा सकता ।

सभापति जी इसी तरह से कि धारा 10-11 के अंतर्गत अवार्ड देना चाहिये, अवार्ड देकर धारा 10 के अंतर्गत शासन में कब्जा लेना चाहिये और ऐसा बहुत बड़ा हिस्सा है जो सरकार ने अभी तक अपने कब्जे में लिया नहीं और उसकी विज्ञप्ति कर रखी है । इस अनडेवलप्ड जमीन को लेकर बहुत से लोगों ने अपना रुपया रिस्क कर रखा है । इसमें एक नया क्लास नयी जमात कालोनाइजर्स की खड़ी हो गई है । दुनिया में परेशान होने वालों की कमी नहीं है और उनकी परेशानियों का नाजायज लाभ उठाने वालों की कमी नहीं है । इसलिये कालोनाइजर्स आगे आये । कालोनाईजर्स ने जमीन वालों से मिल कर भूमि वालों से मिल कर वह जमीन खरीदी और जमीन उन्होंने रुपया, दो रुपयों या तीन रुपयों के भाव खरीद कर 3, 4 रुपये सेलेकर 10, 15 रु० प्रति गज के हिसाब से जो मकान बनाने वाले थे उनकों बेच दिया । अब कालोनाइजर की जो जमात थी, वह बीच में से हट जाती है । अब सरकार सीधे उन लोगों से जिन्होने मकान बना लिये इस भूमि पर जो अन्डेवलप्ड है, और लगभग एक लाख मकान ऐसी भूमि पर जिस पर धारा 6 की विज्ञप्ति हो चुकी है बने हुए हैं, वह हिस्सा अक्वायर करने वाला है । अब तक इस प्रकार की भूमि पर लगभग 1 लाख मकान बन चुके हैं । यदि एक लाख मकानों के हिसाब से जोड़ा जाय तो एक एक मकान की एवरेज कीमत 7,000 बैठेगी, कम से कम 3,000 के हिसाब से और ज्यादा से ज्यादा 15,000 के हिसाब से , और इस तरह से 70 करोड़ रु० की लागत की जायदाद वहां पर तैयार हो चुकी है, उसमें पांच लाख लोग रहते हैं । अभी तक तो जब तक कि कानून नहीं बना था उनको अधिकार था सुप्रीम कोर्ट तक जाकर के केस को खत्म करवा कर अपना कब्जा करवा सकते थे मगर इस कानून के बन जाने के बाद दिल्ली के वह निवासी जो एक लाख के करीब मकान बना चुके हैं जो 70 करोड़ रु० की प्रापर्टी उनकी बन चुकी है, उसको यह सरकार छीन सकती है क्योंकि कानूनन उसको अधिकार दिया जा रहा है, और मुआवजा दिया जायेगा 70 करोड़ की जायदाद का 1 करोड़ रु० के करीब । तो मैं प्रार्थना करूंगा कि यह इस तरह की सोशल वैलफेयर स्टेट बनी है । आप जो कहते

[श्री विमल कुमार मन्नालालजी चौरड़िया]

हैं मास्टर प्लान है, मास्टर प्लान है तो यह गरीब लोगों के लिये प्लान नहीं है । मास्टर प्लान को अगर चलाना है तो लोगों को कष्ट में डाल कर आप मास्टर प्लान चला नहीं सकते । अगर मास्टर प्लान सफल बनना है तो लोगों की सुविधा का आप ध्यान रखें ।

MR. CHAIRMAN: Mr. Chordia, if I may interrupt you, you have taken fifteen minutes last time and you are now taking considerable time. Won't you like to wind up now?

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया : पांच मिनट और । सभापति जी, इसी तरह से जो डेवलप्ड प्लाट्स हैं उनको हमारी सरकार की तो दिल्ली डेवलपमेंट अथारिटी है उसने 70 पैसे के भाव से जमीन खरीदी और औसतन 6 से 8 रु० खर्च करके उसके डेवलपमेंट पर लगाये और फिर भी जमीन प्लाट बनाकर तीस पैंतीस रु० प्रति स्कवायर यार्ड के भाव से जो कम आमदनी वाले लोग हैं उनको मकान बनाने के लिये दी और दूसरों को 100 से लेकर 150 रु० के भाव से दिया और जो व्यापार के क्षेत्र हैं, जैसे दुकानों के लिये या सिनेमा घर के लिये, वहां 200 से 500 रु० प्रति स्क्वायर यार्ड के हिसाब से जमीन बेची है । यह एक सोशल वेलफेयर स्टेट के लिये कोई शोभा की बात नहीं कही जा सकती और न्याय की बात भी नहीं है ।

सभापति जी, हमारी सरकार लोगों के साथ विश्वासघात भी कर रही है । दिल्ली डेवलपमेंट अथारिटी ने क्या किया कि उन्होंने कहा लोगों से कि तुम्हारी जो जमीन लगे उसके बदले में आल्टरनेटिव प्लाट्स देंगे लेकिन आज तक धारा 16 के अंतर्गत उनको कम्पेन्सेशन का पैसा नहीं दिया और जब तक पैसा नहीं देते तब तक उनके पास यह अधिकार नहीं कि आल्टरनेटिव प्लाट ले सकें । बिना जमीन के वे मकान नहीं बना सकते हैं । तो नोटीफिकेशन तो कर दिया है आल्टरनेटिव प्लाट देने का लेकिन इस तरह से बीच अधर में उनको लटका रखा है । जो मकान बनवाना चाहता है या तो आप उनकी जमीन लेकर मकान बनवा दीजिए, और अगर आप इसमें असमर्थ हैं तो आप उनको बनवाने दीजिए । लेकिन उसको अपने अधिकार से वंचित करना उचित नहीं है ।

जहां तक सुझाव और मांग का सवाल है, मैं निवेदन करूंगा कि सब से पहले आप मेहरबानी कर के इस बिल को वापस ले लीजिये जिससे ये जो परेशानियां बढ़ने वाली हैं, ये न बढ़ें । मगर यदि आप को ऐसा लगता है कि अगर यह बिल हमने वापस लिया तो हमारे स्टील के प्लांट में सारी कठिनाई आ जायेगी, तो दूसरा आल्टरनेटिव यह है कि जो जमीन सरकार ने अभी तक अपने कबजे में ले ली है, जिस पर मकान, बिल्डिंग्स वगैरह बना लिये हैं उसको छोड़ कर बाकी पर यह कानून लागू नहीं होना चाहिये, ऐसी व्यवस्था करने का कष्ट करें ।

तीसरे दिल्ली में 1959 से धारा 4 के अन्तर्गत नोटिस जारी करके जिस भूमि पर कबजा सरकार ने लिया है, केवल उसी को रखे और बाकी को छोड़ दे और अगर आपको फिर नोटिफाई करना है तो नोटिफाई करके आज की तारीख से कम्पेंसेशन देने का कष्ट करे, न कि 1959 में जो नोटिफिकेशन दिया था, उसी के अंतर्गत आज भी देते रहें । इसके साथ साथ सरकार द्वारा जो नफाखोरी की जा रही है, चाहे वह दिल्ली डेवलपमेंट अथारिटी के नाम पर हो या किसी के नाम पर हो, उससे जनता पिस रही है और हम को जनता से मतलब है । इसलिये वह जो नफाखोरी चल रही है कि 70,80 पैसे स्क्वायर यार्ड के 500 रु० ले लेते हैं, यह उचित नहीं है और इसको बन्द करना चाहिये । कृषि योग्य भूमि कभी भी इसमें

लेने का प्रयत्न नहीं करें । अपवादस्वरूप जब अति आवश्यक हो तभी लेने का कष्ट करें । आशा है कि मंत्री महोदय इन सुझावों पर ध्यान देंगे और उचित कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे । मैंने अमेंडमेंट भी दिये हैं और मैं अपने अमेंडमेंटस पर भी चर्चा करूंगा । धन्यवाद ।

SHRI N. PATRA (Orissa): Mr. Chairman, Sir, I rise to support this welfare measure but while supporting it I want to point out the way the acquisition proceedings are being V»ken in my State erf Orissa.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) in the Chair.]

Laxge acreage of land for the Maha-nadi and the Delta Irrigation Projects wa_s acquired and it is a long time since that was done but compensation due to the people who were deprived of their valuable land has not been paid as yet and payment of lakhs of rupees is still pending. From my own personal experience I can give another instance where a plot of land was acquired some 7 or 8 years back for the construction of a police station. That was a village site meant for house building purposes and those people who were owners of the land were small holders. They had even dug foundations for building their houses but this piece of land was acquired for building a police station and these people who have been deprived of their land have not been paid the proper compensation. This is from mv personal experience. The poorer sections of the people who are deprived of their holdings, of their valuable property, are not being paid properly and in time. The previous speaker from the benches opposite, Mr Chordia, lucidly explained how people are being harassed in the matter of payment of proper compensation. Therefore, I would suggest to the Government that when they think of taking over the land for development purposes, as soon as the notification is made ready they should start clearing the dues in time. Further they should not expect a small person who is deprived of his valuable land to run to the kutcheri several times to receive the compensation. I know the people who were deprived of their house sites at my place had to wait long for getting compansation and they naturally had to *go* to same other place for eking out their livelihood, that is, to Calcutta. But for receiving this small amount as compensation for their land they had personally to come down to the local Treasury in Orissa. Those harass-ments and indignities have to be kept in view and the Government should see that proper compensation is paid in time.

Recently in Madras one Mr. Vajra-velu in Madras filed a suit for his compensation and the Supreme Court has decreed in his favour saying that the payment of compensation was not being properly made to him. Before the Fourth Amendment of the Constitution a person who was being deprived of his land used to get even the potential value of the land.

SHRI SUNDAR MANI PATEL (Orissa): Fourth Amendment of the Constitution.

SHRI N. PATRA: Yes. The potential value was to be paid but after the Fourth Amendment he would get just equivalent valuo, that is, the market value. Then we had another amendment, the Seventeenth Amendment,, whereby the position of the tenant has been ameliorated to a smalt extent; that is, it has been made obligatory on the part of the acquiring authorities to pay him market value.

SHRI SUNDAR MANI PATEL: S» my friend does not agree with trie Seventeenth Amendment?

SHRI N. PATRA: Whether you agree or not, it is a separate question. What I have said is that the position of the person who is deprived of his land has been further ameliorated by the Seventeenth Amendment when compared to the position that obtained as a result of the Fourth Amendment. So there is no question of agreeing or disagreeing. I am now stating in a nutshell the comparative positions before and afte$_r$ th$_e$ Fourth Amendment. Briefly the position before the Fourth Amendment of 1955 was—

(1) The law had to provide for the payment of just equivalent of the property acquired;

(2) The expression 'just equivalent' was taken to mean not only the market value of the property at the time of acquisition but also its potential value;

(3) If either of these values were omitted, then the resultant amount of compensation was not a 'just equivalent' of the property acquired and the court could set aside the law on the ground of inadequacy of compensation.

In Vajravelu's case the Supreme Court had to intervene and set it right. Now the position after the Constitution (Fourth Amendment) Act, 1955 is: —

(1) The law has to provide for the payment of 'just equivalent' of the property acquired;

(2) If the principles laid down by law ^0 not take into account the value of the property at or about the time of acquisition, the law will be struck down on the ground °^{x} violation of article 31(2);

(3) The non-consideration of the potential value of the property is perhaps no ground for strik ing down the law as it pertains to the domain of adequacy of compensation;

(4) If the principles do not take into consideration the value of the property at or about the time of acquisition the law is liable to be set aside a$_s$ it pertains to the domain of the principles of compensation which is within the jurisdiction of the courts.

But I may say in this context that the large social and economic goals set out in the Constitution in the Preamble and Chapter IV cannot be achieved if we see to the dictionary meaning of the word 'compensation'. Therefore whatever the Supreme Court may observe, a flexible meaning has to be taken otherwise the various welfare measures and other development projects cannot be properly carried out.

With these observations I resume my seat

12 NOON

श्री शीलभद्र याजी (बिहार): माननीय बाइस चेयरमैन महोदय, **मैं** इस भूमि अर्जन संशोधन विधेयक की ताईद करता हूं । अभी इस विधेयक पर बोलते हुए हमारे कुछ विरोधी दल के सदस्यों ने आपत्ति की है और कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद इस तरह से विधेयक का लाना वाजिब नहीं है । इस सदन में यह मांग भी पेश की गई है कि इस पर बहस न हो इसको वापस ले लिया जाय । जो समाजवाद के विरोधी हैं उनकी दलील तो मैं समझ सकता हूं लेकिन जो अपने को समाजवादी कहते हैं कम्युनिस्ट कहते हैं वे भी दबी जबान में इस विधेयक का विरोध करें तो आश्चर्य होता है । हम जिस समाज की कल्पना कर रहे हैं उस समाज में सारी जो जायदाद है भूमि है कल कारखाने है—सब समाज के हो जाएंगे । वे लोग भी हैं जो सरकार पर यह दबाव डालते हैं कि जितने केन्द्रीय कर्मचारी हैं राज्य के कर्मचारी हैं या जितने पब्लिक सेक्टर में काम करने वाले हैं सब कर्मचारियों को मकान देने चाहिएं कल-कारखाने और स्कूल खोलने चाहिएं

और साथ ही सरकार को यह अधिकार नहीं देना चाहते कि वह भूमि पर अधिकार करके इन चीजों का निर्माण करे। अंग्रेजों की उपमा दी गई है। उस समय तो विदेशी सरकार थी। वह तो सिर्फ केन्टोनमेंट बनाने के लिए यह सब करती थी लेकिन आज तो सरकार परिकल्पना को चला रही है योजना के हिसाब से काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट की सारी बातें मानी जातीं तो हमने जो जमींदारी प्रथा का विनास किया लैंड रिफार्मस किए, वे नहीं हो पाते। सुप्रीम कोर्ट का यह काम है कि वह हमारे कानून में जो नुक्स हों कमी हों उन्हें बतला दे लेकिन उसके बतलाने के साथ साथ मौजूदा सरकार के संविधान में जो कर्तव्य है उसका मकसद क्या है वह भी सुप्रीम कोर्ट को समझने की जरूरत है। मैं सुप्रीम कोर्ट की समालोचना नहीं कर सकता और न करना चाहता हूं लेकिन यदि सुप्रीम कोर्ट की बात को हम हर बात में मानते तो बहुत सी चीजें जो कांस्टीट्यूशन में हैं नहीं कर सकते थे। वाइस चेयरमेन साहब इस हिन्दुस्तान में न कांस्टीट्यूशन रहेगा न कोई विधान रहेगा, यहां एक ब्लडी रिवोल्युशन होगा जो हमको भी खत्म करेगा और सुप्रीम कोर्ट के जज को भी खत्म करेगा। इस चीज के लिए दावत देना उस चीज को दबी जबान में सपोर्ट करना और फिर अपने को समाजवादी कहना कहां तक ठीक है। समाज का जितना काम होगा उसके लिए परिकल्पना के मुताबिक कोई कल-कारखाने नहीं बन सकते क्योंकि जमीन किसी की तो जायेगी। यह सही है जैसा चौरड़िया जी ने सजेशन दिया कि जो उपजाऊ जमीन है उसकी जगह पर कंकरीली जमीन ली जाय। लेकिन इसी तरह कहीं सारी की सारी फर्टाइल जमीन है तो अगर आप उसे नहीं लेंगे तो सब काम बन्द हो जायेगा जो ठीक नहीं होगा। इसलिए मैं माननीय सदस्यों को जो समाजवाद में विश्वास रखते हैं यह बताना चाहता हूं कि एक वक्त ऐसा आने वाला है कि सारी जमीन समाज की होने वाली है। इसको कोई रोक नहीं सकता न शासन रोक सकता है न माननीय सुप्रीम कोर्ट के जज रोक सकते हैं। वह चीज आने वाली है। इसलिए हमारी सरकार बराबर समय के प्रवाह के मुताबिक काम करती है। हमारी सरकार कछुए की गति से चलती है, लेकिन चलने की कोशिस जरूर करती है। इस विधेयक के जरिए से जो सुप्रीम कोर्ट ने हमारे नुक्स बताए उनके लिए सरकार को इस सदन को और हम को यह अधिकार है कि हम कांस्टीट्यूशन में संशोधन करें। यह हमारा अधिकार है। इसलिए इस बिल को लाया गया।

राजनारायण जी अपने को समाजवादी कहते हैं। मैं उनको समाजवादी नहीं मानता। मैं उनको स्यूडो सोशलिस्ट कहता हूं पर्वर्टेड सोशलिस्ट कहिए। सोशलिज्म की बात तो करते हैं लेकिन जो कुछ भी सरकार समाजवाद के रास्ते पर चलने का काम करती है—चूंकि कांग्रेस सरकार करती है—उसकी मुखालिफत करते हैं। इसलिए मैं सदस्यों से कहूंगा कि समय के मुताबिक जो हमारी सरकार चलने के लिए इस तरह के भूमि अर्जन बिल वगैरह लाती है उसका समर्थन करें। एक दिन सारी-की सारी जमीन को हम समाज को देंगे सब पर सरकार अधिकार करेगी कल-कारखानों पर करेगी। इसलिए आज तो हमारे डैवलपमेंट के ख्याल से स्कूल के कालेज के लिए कारखाने के लिए जो सरकारी कर्मचारी हैं और दूसरे लोगों को भी मकान देने के लिए जो यह सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए यह संशोधन विधेयक लाई है सदन के सदस्यों को इसको स्वीकार करना चाहिए। यदि वे स्वीकार नहीं करते हैं तो माननीय वाइस चेयरमैन साहब समाजवाद का जो फ्यूचर है भविष्य है वह काला मालूम पड़ता है, ग्लूमी मालूम पड़ता है। इस तरह का अच्छा विधेयक जो समाजवाद के रास्ते पर सरकार को ले जाता है उसकी मुखालिफत

[श्री शीलभद्र याजी]

हो तो न जाने समाजवाद कब आएगा। थोड़े से कल-कारखाने बनाने के लिए अपने सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान देने के लिए यदि सरकार को अधिकार न दिए जायें और उसमें सुप्रीम कोर्ट रुकावट डाले तो यह ठीक रास्ता नहीं है इससे समाजवाद का जो भविष्य है वह अन्धकारमय होगा और जो रोकने वाले हैं चाहे वे सुप्रीम कोर्ट के जज हों चाहे हम हों सबका भविष्य अन्धकारमय होगा। इस देश में बुलडी रिवोल्यूशन होगा। उसको कोई रोक नहीं सकता। इसलिए सरकार समय के मुताबिक चलती है और संविधान में संशोधन लाती है जिसका इस संसद को अधिकार है और हमको अधिकार है। मैं माननीय सदस्यों से पुरजोर अपील करूंगा कि एक मत से इस विधेयक की ताईद करें।

SHRI DAHYABHAI V. PATEL (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is not clear exactly what the Government's mind is in this matter, particularly in the Congress Party. We have heard the two distinctly contradictory views of two Members of the Congress Party, *viz.*, the hon. friend who just spoke before me and the hon. Mr. N. Patra. In particular I would like to ask through you, Mr. Patra where he was when the Seventeenth Amendment was stampeded through this House. In spite of so much protest in the Select Committee, when there was Satyagraha right up to the door of Parliament and elsewhere, Government would not take the advice and perhaps the result has come which is sought to be remedied by this sort of amendment. Also, very often in this House references were made to the land deals which were going on in Delhi, to the malpractices that were being indulged in by a clique who were managing the affairs of the lands around Delhi. Government would not wake up and the result we have seen in the last general elections. The hon. Minister got up to intervene when the hon. Member, Mr. Chordia, was making his speech. I would like to congratulate Mr Chordia for the very well thought oui and reasoned speech that he made. But I would also like my friend Mr. Chordia, and his friends in the new set-up in Delhi who are in power to remember the suggestion made by the hon. Minister. He suggests to them to enquire into the misdeeds of the past administration. I hope they will do so. I hope they will take a lesson from what is going to ibe done in Orissa under the new Chief Minister who has given an assurance that he will enquire into the misdeeds of the previous Chief Minister, Shri Biju Patnaik, about which he has heard -jo much. I hope the present administration in Delhi which has come into being by the popular vote will take a lesson ahd go into the misdeeds of the past administration. I hope the pattern will be the same not only in this place but everywhere where the past Governments because of their vast majority had turned a deaf ear to so many complaints that were brought to their notice.

Sir, the plea for referring a measure of this type to a Select Committee is a plea that cannot be refused on any reasonable ground. This Government has made a mess of land legislation only on one plea and that is similar to what my hon. friend Mr. Yajee, was making. The only thing that he omitted to say was, if the Supreme Court comes in the way, abolish the Supreme Court. Without putting it in so many words he said everything else. He only left out the conclusion. His case was that only. I know there are a number of Members in this House . . .

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: I never suggested the Supreme Court should be abolished.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I think I am very clear. Sir, you understand what I mean to convey. Perhaps Mr. Yajee is not able to follow what I am saying.

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: I said what would happen in the future.

SHRI D^HYABHAI V. PATEL: You will ha^e to change many of your views.

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: You will be nowhere in the next gene, ral elections

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I am going to be here whether you like me or not. You will have to bear with me for many years to come.

Sir, I was just pointing out before I was interrupted that land legislation as it exists in this country needs to be reviewed. I do not know whether Mr. Yajee knows, I do not know whether the hoi. Minister knows, but under the law of the land as it exists in the province of Bihar from where my friend, Mr. Yajee, comes, anybody can go and occupy a vacant land and pay land revenue for two years. If lie has paid land revenue for two years, he has established his title to land. This is what I have been told by people who have done s°J they have shown me places they have occupied. I am glad to say that they are producing good grain on land which was lying vacant. Even Shri J. P. Narayan who comes from that province has not been able to do so with all the Bhoodan lands that have been put at his disposal. If the hon. Minister has an open mind on these things I would be very glad to take him and show him these places. But the point I am making is—whether it is right or wrong is a different matter—that land legislation in this country needs to be gone into not in this hurried manner as we do but it needs to be put on a rational and reasonable footing. I had pointed out this at the time the 17th Amendment was being moved in this House. I pleaded but a legal luminary sitting on the opposite side pressed that since this was going to the Select Committee why I was objecting. I had to remind that legal luminary that if we accepted the proposal for sending it to a Select Committee it meant that we accepted the principle of the Bill, and we opposed it. But Government was not in a mood to listen to reason, and therefore we have got this historic judgment of the Supreme Court.

What is Government's reaction and what does Government propose to do? I agree very much with some of the observations of Mr. Chordia. I am sure that many hon. Members must have been approached by local people from Delhi who have been affected by the proposed Bill. They do not know where they will stand. They have been given assurances. They have purchased land. Under this Bill what is going to be the position of the land? What is going to be position of the structures that have been built on them? In the 17th Amendment it concerned mainly Government acquiring land in rural areas. Here you have gone a step further, and they want to take away land in built-up areas without specifyig what compensation they will give. I am afraid th'e whole principle of the Bill is misconceived and in the same spirit in which the 17th Amendment was stampeded through this House. In Gujarat I had pointed out last time that wherever somebody wants to start agriculture on a co-operative basis . . .

SHRI ANNASAHIB SHINDE: I am sorry to intervene, but may I draw his attention that there is nothing in the Bill which adds to the previous position as far as the acquisition of land is concerned on which buildings are constructed? If you are referring to the point that as between the Supreme Court judgment and the promulgation of the Ordinance some constructions may have come up, as far as that position is concerned there is already a provision in the law for *bona fide* constructions, an^ the Collectors can go into that and they can perhaps award a reasonable compensation.

श्री विजयकुमार रामलाल लजी धौरडिया : प्रश्न यह है कि जो जमीन 1959 ई0 में धारा 4 (1) के अन्तर्गत नोटिफाई कर

[श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया]

दी उसको कालोनाइजर्स ने उन से खरीद लिया और कालोनाइजर्स ने मकान बनाने वालों को दे दिया और मकान बनाने वालों ने धारा 4 का नोटिस होने के बावजूद भी उस पर अपनी इमारत खड़ी कर दी तो धारा 4 के अन्तर्गत उसे एक्वायर करने का जो काम हुआ उसके चलते उनके मकान का क्या होगा क्यों कि आप कम्पन्सेशन देंगे 1959 ई० के अनुसार ।

SHRI ANNASAHIB SHINDE: That is a different thing.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I was just trying to point out exactly what my friend, Mr. Chordia has said. I just wanted to refer it and go on to similar matter that came in the 17th Amendment. In Gujarat in several places people came out with the idea of starting co-operative farming, and in the position that existed in Gujarat, people could be compelled to join a co-operative under the law that existed and which was sought to be given official sanction from here under the 17th Amendment. I feel this was wrong. An agriculturist could not be compelled to join a co-operative or a collective. We have got a lot of people who are still enamoured of collectives, though the results neither in China nor in Russia seem to show that that is the better way of cultivating, that it produces more than the initiative of the farmer who produces better on his own.

SHRI ANNASAHIB SHINDE: This you can argue with Mr. Bhupesh Gupta.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: You better take him on your side because he seems to be your guru, your ideal, and I have repeated here in this House that he was the driving force very often in this matter behind Shri Jawaharlal Nehru. If you accept the position, my case is proved, that does not mean I will ever agree with him. I think it is fundamentally wrong to do that. Mr. Bhupesh Gupta has got funny ideas, ideas which I do not like. He is certainly welcome to those ideas as anybody else is. But 1 am pointing out the fact which neithei Mr. Bhupesh Gupta not the hon. Minister can deny that after 50 years or 60 years of communism Russia does not produce enough food from the vast land that it has and it has to import food from America. Similarly, in China they have gone the same way. They do not produce enough for themselves and they have to purchase from abroad. If they do not get directly from America, they purchase through France or some other country; they do purchase. Let us recognise the fact. Therefore, the conclusion is that better food production will not take place under conditions that exi ". in China and in Russia but will onlr take place where there is a free and protected farmer. That is what we want; that is what Gandhiji told Therefore under Gandhiji's advice, the fundamental right of the farmer was promised to be protected at the Karachi Congress where the Resolution on Fundamental Rights was moved by no less a person than Jawaharlal Nehru himself. It was only afterwards . . .

श्री शीलभद्र याजी : गांधी जी ने बराबर कहा कि सारी जमीन समाज की है और कभी नहीं कहा जैसा आप कहते हैं । ये स्वतंत्र पार्टी . . . .

श्री डाह्याभाई व० पटेल : मैं नहीं मानता हूं । आप जितना चिल्लाते हैं चिल्लाओ । हम मानते हैं कि जो आश्वासन इस देश के लोगों को जवाहरलाल नेहरू ने दिया वह पूरा नहीं किया । आप कराची कांग्रेस में गये थे , वहां क्या थे कौन थे मैं नहीं जानता लेकिन गांधी जी के बाद जवाहरलालजी ने क्या किया कि थोड़ी

सी सत्ता आने के बाद उनका दिमाग फिर गया, रशिया गये उससे फिर गया, चाइना गये उससे फिर गया । क्या हुआ, वे बातें भूल गये, उन से फिर गये । जो आश्वासन दिया था कि किसानों की उन्नति करना चाहते हैं । लेकिन वे बड़े बड़े किसानों को आगे करना चाहते थे, नहीं तो बड़े जमीदार रेजिस्ट करेंग । हमारे अहमदाबाद के एक मिल वाले के पास एक प्रौटेक्टेड फार्म है, उस में सेवेन्टीन्थ्याअमेन्डमेन्ट नहीं लगता है, लैन्ड एक्विजिशन नहीं लगता है । हमारे माननीय मिनिस्टर साहब कभी कभी अहमदाबाद गये होंगे । अहमदाबाद से वीरमगांव तक मोटर के रास्त में प्रोटेक्टेड फार्म मिलओनर्स के आते है, उनको कोई छंता नहीं है क्योंकि जवाहरलाल नेहरू ने उनको छोड़ दिया । ठीक है उन को पैसा चाहिये चुनाव के वास्ते तो उनको प्रोटेक्शन दिया है । बेचारे गरीब किसान को प्रोटेक्शन नहीं दिया । याजी जी यहां चिल्लाते हैं । उनको यह बात नजर नहीं आती है । जो बात सामने आती है वह उनको नजर नहीं आती है । सोशलिज्म की बात कहते है । सोशलिज्म किसी का माल छीन कर ले लेने को नहीं कहता है । सारे देश का, हिन्दुस्तान का पैसा आप छीन ले तो यह हिन्दुस्तान आगे नहीं बढ़ेगा । यह बात हमारे समझने की जरूरत है । हमारे मित्र श्री याजी मंत्रियों को सर्व करते हैं ।

श्री शीलभद्र याजी : स्वतंत्रपार्टी वाले एसे ही बात करते हैं ।

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: No country can rise by confiscating what everybody has got and distributing it. It is only by the production of more wealth that the condition of our agriculture and of our economy can be improved. I do not see anything in this legislation that is going in that direction.

I feel that the whole land policy of our Government is misdirected and this method 01 bringing up sucn legislations again and again in hot haste is wrong. I would still request the hon. Minister to refer this to a Select Committee. Let the matter be reconsidered and measures taken which do not come up before the Supreme Court again and again and we have trouble with them. Fortunately, in this House today we have eminent lawyers who are Members of this House, who have been advisers to the Government, to whose advice the Government would normally have listened but who were not consulted when the Seventeenth Amendment was sought to be rushed through. I know. Let the Government reconsider the matter. Otherwise, the people of this country will remember the hon. Mr. Yajee and people who think like him. The Congress has ceased to govern nine States of this country already and the day is not far off when they will be out of the other nine States.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I have received requests from some other hon. Members today who want to take part in this discussion. I am prepared to accommodate them. But I would request them to limit their remarks to five minutes each. Shri Abid Ali.

SHRI ABID ALI (Maharashtra): Thank you, Mr. Vice-Chairman.

I support the amending Bill. But while doing so, I would request the hon. Minister kindly to ensure the proper implementation of the Act as it exists and as it would be amended. Of course, we are pledged to socialism. But socialism does not mean injustice being done to poor people, particularly those who possess lands of small holdings, they have to receive more consideration. The way in which the whole land acquisition proceedings are conducted displeases many people, puts them into many and considerable inconveniences. Lands are notified for acquisition and for years nothing is done. In some cases, possession also has been taken technically but the amount is not paid. There are some

[Shri Abid Ali.] charity trusts to whom these lands belong and some of the lands under acquisition are mortgaged. The owners of these lands have to continue paying the mortgage interest and there is no end to it.

Mr. Dahyabhai Patel is going. I wanted to make a reference to some of the charges that he made.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I went out to drink some water.

SHRI ABID ALI: He can come later, Sir. I will come to his points subsequently. I hope I have enough cf
time.

I would request the hon. Minister kindly to ensure taking quick decisions. So far as acquisition in public interest is concerned, it has to be done. I would request the hon. Minister kindly to communicate to all the State Ministers about thi$_s$ and bring pressure on them, in the Central territories and other places everywhere that quick decisions should be given. In Delhi for 12 years some matters are pending before the tribunals in appeal. There are High Court decisions given. On the basis of that, I hope that quick action would be taken. Now, some of the lands in Delhi were acquired under the emergency clause under this Act. I know that still on some nothing is done. The emergency clause was applied and for eight years not a piece of brick has been placed there, no building has been constructed, ana nothing is happening, and the land is just lying vacant; the tillers have been deprived of possession.

Now, with regard to my hon. friend, Shri Dahyabhai Patel, I am sorry he has gone away . . .

SHRI ANNASAHIB SHINDE: No, he i$_s$ here.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL; All the Congressmen are short-sighted, 1 think.

SHRI ABID ALI: Of course, they have a strong vision. He is not in seat.

The hon. Member made some charges. I wa$_s$ going to make a reference to them, firstly, to what he said regarding the enquiry in Or It is good. I would like that the enquiry should be started in a full-fledged manner against everybody, everywhere, official and non-official, against whom charges are mentioned by anybody. And I think Mr. Dahyabhai Patel and many oi associates will be found much moj • guilty. I know Mr. Dahyabhai Patel for long. I know that he was serving in an insurance corporation as a junior officer. I know that he is a wealthy man today.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I am not a wealthy man. I was a senior officer in the Oriental Lift Insurance Company. Your information is wrong. I am not a wealthy man.

SHRI ABID ALI: May be a senior officer. About the wealth that he i possessing, his returns are available from the Income-Tax Department. How he got in possession of such bijj wealth and how he used the good name of the great leader of India is being . . .

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: J protest.

SHRI ABID ALI: Protesting . . .

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I would like any one man to say that I ever used my father's name. It is the present Congress Ministers who are allowing that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): No insinuation, please.

SHRI ABID ALI: Of course, no in-sinuation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Speak on the Bill.

SHRI ABID ALI: Then why did you allow him to make a statement about Congressmen, Orissa and enquiry?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): You should have objected at that time.

SHRI ABID ALI: I am following the standard here. What I was submitting was thai the people who make charges are themselves sitting in glass houses.

SHRI DAHYABHAI V. PATEL: I wish he would make those charges outside and then see what happens.

SHRI ABID ALI: I will repeat and prove my words. If the hon'ble Member is prepared to appeal to the Chair and an opportunity is allowed :o me, I am prepared to prove what I say because I know the ins and outs of everything. Therefore, with regard to the statement that he made, I was suggesting that he is himself in a glass house. It is no use saying that the Congress has lost. It is we Congressmen who were responsible for कांग्रेस की सरकार ने हिन्दुस्थान की जनता की सरकार को सरकार बनाया है are responsiDie ior tnis. mere was no authority, power or party in India which could compel us at that time. We have confidence in the people. We have given them the Constitution and they have exercised their right. We are happy about it. What is the use saying every day that this Ministry has gone, that Ministry has gone, so many Ministries have gone? The Ministries will go. The whole world will perish. But may I submit to him, let he and his associates always remember that their hands are not clean?

श्री जगत नारायण (हरियाना) : वाइसचेयरमन साहब, मैं वजीर साहब से एक सवाल पूछना चाहता हूं बड़े अदब के साथ कि यह इतना पुराना ऐक्ट 1894 का है, जिसको आज बने 70, 72 साल हो गये हैं और पिछले साल 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अटेंशन दिलाया था कि इसमें कुछ लेक्युना है, तो एक साल के अर्से में क्यों नहीं इस सरकार ने नया जामे बिल तैयार किया इस सारे लैंड अक्वीजीशन प्राब्लम को हल करने के लिये। यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब वजीर साहब को देना चाहिये क्योंकि अब जो बिल पेश किया जा रहा है वह सुप्रीम कोर्ट ने जो लेक्युना बतलाया था, उसको दूर करने के लिये पेश किया है। मैं समझता हूं कि यह बड़ी गलत रवायात हैं। हमारी जो सब से बड़ी अदालत है, वह कोई फैसला करे और हमारी सरकार इतने अर्से के बाद भी कोई जामे बिल तैयार न करे, तो मैं समझता हूं कि उनका यह अटीट्यूड बड़ा ही नाकाबिले बर्दाश्त है। मैं समझता हूं कि इस बिल को पास कराने के बजाय अगर हमारी सरकार एक जामे बिल तैयार करे जैसा कि वजीर साहब ने खुद अपनी तकरीर में कहा कि वे एक कांप्रिहैंसिव बिल लाना चाहते हैं और एक पार्लियामेंट्री कमेटी बिठाना चाहते हैं तो उसमें कोई फर्क नहीं पड़ता अगले सेशन तक वे पार्लियामेंट्री कमेटी मुकर्रर कर दें और एक कांप्रिहैंसिव बिल ले आयें और फिर जो लोगों की तक्लीफात हैं उनको मद्देनजर रखते हुए वे उसको पब्लिक ओपीनियन के लिए सर्कुलेट करें। इस तरह जो जामे बिल तैयार होगा उससे लोगों को रिलीफ मिल सकेगा।

मेरे भाई चौरड़िया साहब ने दुरुस्त कहा कि दिल्ली शहर में ऐसे लाखों की तादाद में परिवार हैं जिन्होंने कालोनाइजर्स से जमीनें लेकर अपने मकान बनाये हैं। अब वे इस दुविधा में हैं कि पता नहीं इस बिल के पास हो जाने के बाद उनका क्या हश्र होगा। वजीर साहब ने इस सवाल का कोई तसल्ली बख्श जवाब नहीं दिया है। मैं चाहूंगा कि वे इसका तसल्लीबख्श जवाब दें क्योंकि लोगों ने कालोनाईजर्स से जमीनें खरीदीं और अपने

[श्री जगत नारायण]

मकान बना लिये और उनको यह डर है कि हमारे मकान गिराये जायेंगे और हमको नुकसान पहुंच जायेगा । तो मैं समझता हूं कि यह एक ऐसी चीज है जिस पर हमारी गवर्नमेंट को पूरा ध्यान देना चाहिये और इसकी तलाफी करनी चाहिये ।

अब मैं वजीर साहब की नोटिस में एक बात और लाना चाहता हूं और वह यह है कि दिल्ली के बारे में मुझे जाती तजुर्बा है क्योंकि मेरे लड़के और दामाद ने भी जो यहां हाउसिंग कोआपरेटिव सोसायटीज बनी हुई है उनमें रुपया जमा कर रखा है । लोगों ने लाखों रुपया उन सोसायटीज में पांच पांच साल से जमा कर रखा है । गवर्नमेंट ने उन सोसायटीज को यह भी आश्वासन दे रखा है कि हम तुम्हारे लिये जमीन अक्वायर कर रहे हैं और यह भी बता दिया है कि फला जगह जमीन दी जायगी । मगर अभी तक वह जमीन उनको नहीं मिल रही है । आठ आठ साल से लोगों ने अपना पैसा दिया हुआ है और उन सोसायटीज ने लाखों रुपया लोगों के पास से जमा कराया हुआ है लेकिन उन सोसायटीज को जमीन मिल नहीं रही है । गवर्नमेंट ने वह जमीन अक्वायर कर ली है लेकिन वह सोसायटीज को मिल नहीं रही है क्योंकि सोसायटीज ने गवर्नमेंट के पास लोगों से लाखों रुपया ले कर के जमा कर दिया है । इससे अभी तक लोग मारे मारे फिर रहे हैं न वे अपना मकान बना सकते हैं और न कोई अलाटमेंट होता है । मैं चाहूंगा कि वजीर साहब इस मसले में भी जरा बतलायें हाउस को कि क्या वजह है कि जब उन्होंने जमीन अक्वायर कर ली है जब सोसायटीज से उन्होंने रुपया ले लिया है तो आज उन को जमीन क्यों नहीं अलाट होती ताकि लोग अपने मकान बना सकें । लोगों ने पांच पांच दस दस और बीस बीस हजार रुपया अपनी सोसायटीज में जमा कर रखा है और उनको रुपया जमा किये हुये छः छः और आठ आठ साल हो गये हैं फिर भी उनको जमीन मकान बनाने के लिये अलाट नहीं की जा रही है । तो इस तरफ भी वजीर साहब को ध्यान देना चाहिये ।

अब मैं वजीर साहब को अपने पंजाब के नवाशहर की एक मिसाल देना चाहता हूं । वहां पर एक शूगर फैक्ट्री बनाने का फैसला किया गया और गवर्नमेंट ने उसके लिये जमीन अक्वायर कर ली । उसको नौ साल हो गये हैं लेकिन वह शुगर फैक्ट्री अभी तक बनने को नहीं आती है । वहां पर जो लैंड अक्वायर की गई है वह वैसे ही पड़ी हुई है । न उसमें अनाज बोया जाता है और न उसमें फैक्ट्री लगती है । एक तरफ हम यह सोच रहे हैं कि हमारे यहां जो अनाज की कमी है उसको पूरा किया जाय और दूसरी तरफ हालत यह है कि जो जमीन किसी इंस्टिट्यूशन के लिये गवर्नमेंट अक्वायर करती है वह सालों तक बेकार पड़ी रहती है उसमें न अनाज बोया जा सकता है और न कुछ हो सकता है । इसके मुताल्लिक भी वजीर साहब को ध्यान देना चाहिये ।

एक बात मैं और उनकी नोटिस में लाना चाहता हूं कि जो वे जमीन अक्वायर करते हैं उसमें वे मालिकों को कुछ पैसा दे देते हैं, चाहे दो साल, पांच साल या छः साल के बाद दें, मगर जो टेनेंट्स बेचारे बेदखल हो जाते हैं, उनको कुछ नहीं मिलता है । उनको बड़ी तकलीफ होती है वे मारे मारे फिरते हैं और उनको सब जगह भागना पड़ता है । तो जो आप आगे लेजिस्लेशन बनायें उसमें यह भी रखें कि जहां आप मालिकान को कम्पेंसेशन दें वहां जो टेनेंट काफी देर से वहां बैठा हुआ है उसको भी पूरा मुआविजा दें ।

इसके साथ साथ मैं यह चाहता हूं कि वजीर साहब कम अज कम इस बिल पर जवाब देते हुये पब्लिक पर्पज को भी क्लियर करें कि पब्लिक पर्पज का क्या मतलब है जिसके लिये यह जमीन अक्वायर की जाती है । इसको भी जरा वे साफ करने की कोशिश करें

क्योंकि इस बिल में यह साफ नहीं है कि उनका पब्लिक पर्पज क्या है । जब वे जमीन अक्वायर करते हैं तो उसमें कौन कौन सी कैटेगरीज आती हैं, यह भी वे साफ करने की कोशिश करें ।

